राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लाट नं. 6, एवरेस्ट कॉलोनी, एपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

क्रमांकःपैरामेडि.कौं / संस्था. / 2020 /652 जयपुर, दिनांकः 15.04.2020

संदेश

राजस्थान में आज दिनांक 15 अप्रेल, 2020 को लैब टैक्नीशियन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कोविड-19 महामारी के वैश्विक संकट की इस घड़ी में, राज्य के समस्त लैब टैक्नीशियन द्वारा सम्पूर्ण समर्पण भाव से अनवरत सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिसके लिए वे सभी साधुवाद के पात्र हैं।

मैं इस शुभ अवसर पर समस्त लैब टैक्नीशियन का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ कि वे इस महामारी के जोखिम से भलीभाँति अवगत होते हुए भी इन विपरीत परिस्थितियों में समर्पित भाव से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। मैं राज्य के समस्त लैब टैक्नीशियन को इस अवसर पर बधाई व शुभकामानाएं प्रेषित करता हूँ एंव आशा करता हूँ कि आप सभी की निष्ठापूर्ण सेवा व सहयोग से राज्य इस महामारी के विरूद्ध निर्णायक युद्ध में सफल होगा।

मैं पुनः आप सभी को लैब टैक्नीशियन दिवस की मंगलकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

15/4/2020
(सोमदत्त दीक्षित)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार